हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

बुधवार, 15 जनवरी 2020, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर

www.livehindustan.com

PAGE NO 10 : MIDDLE RIGHT CORNER

एसआरएमएस में शुरू हुई इबस मशीन

बरेली। एसआरएमएस अस्पताल के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग में एण्डोब्रोकियल अल्ट्रासाउंड (इबस) मशीन की सेवा शुरू हो गई है। मंगलवार को एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने इसका आरंभ किया। इस मशीन की सहायता से फेफड़े के कैंसर को शुरूआती दौर में ही पकड़ा जा सकता है। यह श्वास की नली की जांच में भी काफी उपयोगी है। इस मशीन से बरेली, रुहेलखंड समेत उत्तराखंड के मरीजों को अब इलाज में सहूलियत होगी।